प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय बैडमिंटन, टेबिल–टेनिस एवं प्रोफेशनल क्विज प्रतियोगिता का समापन

पंतनगर। 02 नवम्बर 2022। विश्वविद्यालय के पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय में तीन–दिवसीय अखिल भारतीय बैडमिंटन, टेबिल–टेनिस एवं प्रोफेशनल क्विज कम्पटीशन का आज समापन समारोह रतन सिंह सभागार में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान के साथ अधिष्ठाता पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, डा. एन.एस. जादौन, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डा. बृजेश सिंह एवं कार्यक्रम समन्वयक, डा. शिव प्रसाद मंचासीन थे।

इस प्रतियोगिता के समापन अवसर पर कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में आपसी सामंजस्य व भाईचारे की भावना पैदा करती हैं। साथ ही उन्होंने प्रतियोगिताओं के सफल संचालन में लिए आयोजकों को शुभकामनाएं दीं। अधिष्ठाता पशुचिकित्सा महाविद्यालय डा. एनएस जादौं ने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलने पर बधाई दी। प्रतियोगिता के समन्वयक डा. शिव प्रसाद ने प्रतियोगिताओं का संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। डा. शिव प्रसाद ने बताया कि विभिन्न प्रान्तों से 17 टीमों के 332 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें बैडमिंटन गर्ल्स में हिसार की टीम रनर एवं पंतनगर की टीम विजित रहीं। बैडमिंटन बॉय में पंतनगर की टीम रनर एवं लुधियाना की टीम विजित रहीं। टैबल टेनिस गर्ल्स में भटींडा की टीम रनर एवं पालमपुर की टीम विजित रहीं। टैबल टेनिस बॉय में पंतनगर की टीम रनर एवं पालमपुर की टीम विजित रहीं। प्रोफेशनल क्विज।। रनर में दुर्ग एवं मेरठ की टीम तथा पंतनगर की टीम विजित रहीं। कार्यक्रम के अंत में कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा सभी विजयी प्रतिभागियों को शील्ड व मैडल प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर टीमों को सम्मानित करने में कुलसचिव, डा. ए.के. शुक्ला, अधिष्ठात्री, प्रौद्य ोगिकी महाविद्यालय, डा. अलकनंदा अशोक, डा. आरवी रावेरकर, बायोटेक के निदेशक डा. संजय शर्मा ने भी सम्मानित किया। प्रतियोगिताओं के दौरान डा. सुधीर कुमार, डा. स्तुति वत्स, डा. एसके रस्तोगी, डा. दिशा पंत, डा. निधि अरोरा आदि का विशेष सहयोग रहा। सह समन्वयक डा. राजीव रंजन कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में प्रतिभागियों को संबोधित करते कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान।

बैडमिंटन, टेबिल टेनिस में चैम्पियन टीम को सम्मानित करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह व अन्य।